चीनी उत्पादों को मात देंगे यूपी के ओडीओपी उत्पाद

राज्य मुख्यालय | **हेमंत श्रीवास्तव**

एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) प्रदेश में बड़ी तादाद में लोगों को रोजगार देने के साथ ही अब चीनी उत्पादों के आयात पर भी अंकुश लगाएगा। प्रदेश सरकार ने सभी जिलों में कामन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) के तहत अत्याधुनिक मशीनें लगाने का काम शुरू किया है। इन मशीनों से ओडीओपी उत्पादों की फिनिशिंग चीनी उत्पादों को टक्कर देने लगेगी। जल्द ही गोरखपुर में बनी लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां भी चीन के उत्पाद से टक्कर लेंगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में माटीकला (टेराकोटा पॉटरी) के विकास का बड़ा विजन दिया है। जिसके तहत आगामी चार अप्रैल को गोरखपुर में एक वृहद कार्यशाला होगी। जिसमें विशेषज्ञ माटीकला की गुणवत्ता पर विशेष सुझाव देंगे। प्रमुख सचिव एमएसएमई व निर्यात प्रोत्साहन नवनीत सहगल के मुताबिक दीपावली में यूपी के बाजार में चीन में बनी लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां बड़ी तादाद में बिकती हैं। इस क्षेत्र में गोरखपुर के माटीकला उद्योग को चीन से मुकाबले के काबिल बनाया जाएगा। गोरखपुर में बनी मूर्तियों की खुबसूरती बढ़े और लागत कम आए इस पर विशेषज्ञों की राय ली जाएगी। चीनी मूर्तियों से प्रतिस्पर्धा के लिए गोरखपुर में सभी सुविधाएं वहां मुहैया कराई जाएंगी। निर्यात पर भी फोकस किया जाएगा।

- गोरखपुर में बनेंगी चीन से भी अधिक सुंदर और सस्ती मूर्तियां
- कानपुर में भी लेदर के लिए बनाई जा रही है लेबोरेटरी

संभल के बटन अब फिनिशिंग के लिए चीन नहीं भेजे जाते

बोन क्राफ्ट के लिए मशहूर शहर संभल में हड्डी से बटन व अन्य सामानों का निर्माण होता है। पहले जो बटन यहां बनते थे उन्हें अच्छी फिनिशिंग के लिए चीन भेजना पड़ता था। इससे बटन की लागत बढ़ जाती थी। 'ओपीओपी' के कामन फैसिलिटी सेंटर के तहत संभल में चीन की उस मशीन को ही स्थापित कर दिया गया है। इस मशीन की कीमत पांच करोड़ रुपये से अधिक है। अब यहां बनने वाले बटन फिनिशिंग के लिए चीन नहीं भेजे जाते हैं। सहारनपुर, मुरादाबाद, अलीगढ़, भदोही, वाराणसी, लखनऊ सहित सभी जिलों में सीएफसी के तहत ओडीओपी उत्पादों के लिए ऐसी आधुनिक लेबोरेटरी बनाई जा रही है।

आगरा के जूते बनेंगे

विश्वस्तरीयः आगरा से बड़ी तादाद में जूते व लेदर के अन्य उत्पाद यूरोप के देशों में निर्यात होते हैं। यूरोप में गुणवत्ता जांच में यदि एक-दो पीस भी फिनिशिंग के मानकों पर खरा नहीं उतरते थे तो पूरी लाट वापस आ जाती थी। अब आगरा में एक लेबोरेटरी बना दी गई है। 10 करोड़ रुपये से अधिक की मशीनें लगाई गई हैं। समस्त जांच होने के बाद ही जूते निर्यात किए जाते हैं। ऐसी की एक लेबोरेटरी कानपुर में भी बनाई जा रही है।

आपत्तिजनक पोस्ट में कई कर्मी रडार पर

जांच के बाद होगी कार्रवाई

आप का सदस्यता अभियान तेज

लखनऊ। आम आदमी पार्टी का सदस्यता अभियान मंगलवार को तेजी पकड़ता दिखाई दिया। राजधानी में ही

आंकड़ों में उलझा रही है भाजपा : अखिलेश

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

NOTICE INVI
AND MA
Office of the Mu
Bids from Agen
basis of Perma
from the Uttar

Hindustan Page 10-4/3/20